भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 807
****

सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023 (20 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना

807 श्री विक्रमजीत सिंह साहनीः

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है की शिमला, नांदेड़, धर्मशाला, पठानकोट, जैसलमेर आदि जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों से बहुत कम उड़ानें संचालित की जा रही हैं;

(ख) क्या सरकार उड़ान योजना या किसी अन्य कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थित विमानपत्तनों से उड़ानें बढ़ाने की योजना बना रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) : शिमला, धर्मशाला और जैसलमेर हवाईअड्डों की वर्तमान सम्पर्कता का ब्यौरा अनुबंध के रूप में संलग्न है। इस समय, पठानकोट हवाईअड्डे पर कोई उड़ान प्रचालित नहीं हो रही है। नांदेड़ हवाईअड्डे, जिसका प्रबंधन नांदेड़ एयरपोर्ट लिमिटेड (रिलायंस एयरपोर्ट डेवलपर्स लिमिटेड का एसपीवी) द्वारा किया जाता है, पर कोई अनुसूचित प्रचालन नहीं किया जा रहा है,

(ख) और (ग) : "उड़ान योजना" के प्रावधानों के अनुसार, अपरिचालित और अल्प परिचालित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार / उन्नयन, वैध बोली द्वारा हवाईअड्डे की पहचान किए जाने और एसएओ (चयनित एयरलाइन प्रचालक) को इसे अवार्ड किए जाने के पश्चात किया जाता है। शिमला, नांदेड़ और पठानकोट हवाईअड्डे, क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान 5.2, जो छोटे विमानों के माध्यम से सम्पर्क बढ़ाने का प्रयास करती है, के तहत बोली लगाने के लिए अपरिचालित / अल्प-परिचालित हवाईअड्डों की अस्थायी सूची में उपलब्ध हैं, यदि कोई एयरलाइन उड़ान योजना के भावी दौर में, आरसीएस उड़ानों के प्रचालन के लिए इन हवाईअड्डों को जोड़ने के संबंध में वैध बोली प्रस्तुत करती हैं, तो उस पर, योजना के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा।

***

अनुबंध

****

क्र.सं	**हवाईअड्डे का नाम**	**एयरलाइन का नाम**	**शहर का नाम**	**साप्ताहिक अवाजाही**
1.	धरमशाला	इंडिगो, एलायंस एयर, स्पाइसजेट	दिल्ली, शिमला	78
2.	जैसलमेर	इंडिगो, स्पाइसजेट	अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, जयपुर	70
3.	शिमला	एलायंस एयर	अमृतसर, दिल्ली, धर्मशाला	34